बलवान कौन ?

कक्षा-VI

विषय-हिन्दी

पाठ -6 (LOWER HINDI)

पाठ का नाम – बलवान कौन ?

PPT-4 (प्रश्नोत्तर)

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

मौखिक

श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –

प्राणी ,मायूस , ,बलवान,चींटी ,मस्त ,वादा ,चिड़िया ,अहंकारी ,घोंसला

2. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए

(क) पेड़ के ऊपर क्या था?

उत्तर-पेड़ के ऊपर चिड़िया का घोंसला था ।

(ख) घोंसले में कितने अंडे रखे थे?

उत्तर –घोंसले में दो अंडे थे ।

(ग) पेड़ को ज़ोर से हिलाने पर क्या हुआ?

उत्तर –पेड़ को जोर से हिलाने पर चिड़िया का घोंसला गिर गया और अंडे टूट गए ।

(घ) चींटी ने चिड़िया से क्या वादा किया?

उत्तर –चींटी ने हाथी से यह वादा किया कि वह हाथी को जरूर मजा चखाएगी ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

लिखित

- 1. सही वाक्य पर ( ) का और गलत वाक्य पर (x) का निशान लगाइए

(क) चिड़िया ने हाथी को बहुत समझाया।(v)

(ख) हाथी ने चींटी का मजाक उड़ाया।(v)

(ग) चिड़िया के अंडे टूटे नहीं थे।(x)

(घ) चींटी ने हाथी से बदला लिया।(v)

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

2. निम्नलिखित शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए

मायूस, घोंसला, बलवान, सबक

(क) संसार में हर बड़े आकार का प्राणी अपने आपको----बलवान ------- समझता है।

(ख) पेड़ के ऊपर चिड़िया का---घोंसला ---------- था।

(ग)-- मायूस ------- चिड़िया पेड़ की डाल पर बैठ कर रोने लगी ।

(घ) चींटी ने हाथी को----सबक ------- सिखाया ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

3. जोड़े बनाइए

क) पेड़ के ऊपर.......... (iii) चिड़िया का घोंसला था।

(ख) चींटी ने चिड़िया से.......... (i) रोने का कारण पूछा।

(ग) हाथी बेचारा दर्द से...(.iv).तड़प उठा ।

(घ) विशाल आकार होने से....... (ii) प्राणी बलवान नहीं होता है।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

- (क) हाथी अपने शरीर को किससे रगड़ रहा था?

उत्तर –हाथी अपने शरीर को एक पेड़ के तने से रगड़ रहा था ।

(ख) घोंसले में क्या रखा था?

उत्तर –घोंसले में चिड़िया के दो अंडे रखे थे ।

(ग) चिड़िया क्यों रोने लगी?

उत्तर –अंडे टूटने से चिड़िया मायूस होकर रोने लगी ।

(घ) हाथी ने किसका मजाक उड़ाया?

उत्तर –हाथी ने चींटी का मजाक उड़ाया ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए

(क) चींटी ने हाथी से कैसे बदला लिया?

उत्तर हाथी ने चींटी का मजाक उड़ाया था । यह चींटी को अच्छा नहीं लगा । चींटी चिड़िया से भी वादा किया था कि हाथी को सबक सिखाएगा । -मन ही मन हाथी को सब सिखाने की ठानी. चींटी पास ही एक झाड़ी में छिप गई और मौक़ा देखते ही चुपके से हाथी की सूंड़ में घुस गई. फिर उसने हाथी को काटना शुरु कर दिया. हाथी परेशान हो उठा. उसने सूंड़ को ज़ोर-ज़ोर से हिलाया, लेकिन कोई फ़ायदा नहीं हुआ. हाथी दर्द से कराहने और रोने लगा. यह देख चींटी ने कहा कि हाथी भइया, आप दूसरों को परेशान करते हो, तो बड़ा मज़ा लेते हो, तो अब ख़ुद क्यों परेशान हो रहे हो?

हाथी को अपनी ग़लती का एहसास हो गया और उसने चींटी से माफ़ी मांगी कि आगे से वो कभी किसी को नहीं सताएगा.

चींटी को उस पर दया आ गई. वो बाहर आकर बोली कि कभी किसी को छोटा और कमज़ोर नहीं समझना चाहिए.

यह सुन हाथी बोला कि मुझे सबक मिल चुका है. मुझे अच्छी सीख दी तुमने. अब हम सब मिलकर रहेंगे और कोई किसी को परेशान नहीं करेगा। इस तरह चींटी ने हाथी से बदला लिया ।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए

(ख) इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ?

- **उत्तर - अहंकारी हाथी से डरकर सामना न करना चिड़िया की भूल थी, जबकि चींटी ने समझदारी**
- **का परिचय दिया। साधारण रूप में कह सकते हैं कि आकार में बड़ा होने से ही कोई बलवान नहीं हो**
- **जाता। अच्छे कर्म हो प्राणी को बड़ा बनाते हैं। चींटी का चिड़िया से सहानुभूति दिखाना व उसके लिए**
- **हाथी को सबक सिखाना उसकी सहृदयता को दर्शाता है। जो हमें अच्छे कर्म करने की प्रेरणा देता है।**

घमंडी का सिर सदा नीचे होता है. कभी किसी को कमज़ोर और छोटा न समझें. दूसरों के दर्द व तकलीफ़ को समझना ही जीने का सही तरीक़ा है।

भाषा ज्ञान

1.पढिए और समझिए –(वचन बदलना)

चींटी –चींटियाँ
लड़की –लड़कियाँ
तितली –तितलियाँ
चिड़िया –चिड़ियाँ
अंडा –अंडे
घोंसला –घोंसले
बच्चा-बच्चे
तना –तने

2-(क) चींटी जाती है ।

उत्तर –चींटियाँ जाती है ।

(ख)घोंसले में अंडे हैं ।

उत्तर –घोंसले में अंडा है ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP